Group restriction are as follows:

06.00 hrs. to 12.00 hrs. One batch 12.00 hrs to 18.00 hrs. One batch 18.00 hrs to 22.00 hrs. Single phase 22.00 hrs. to 06.00 hrs. (next day) entire state 3 phase supply.

4.0 EASTERN REGION:

4.1 Bihar:

I There were no statutory power cuts. However, load shedding was being taken recourse on day to day basis depending upon the availability of power.

II Average 20.26 hrs. power supply per day to agricultural/rural areas.

4 2 D.V.C.:

Power cuts/restrictions were irmposed by DVC on day to day basis as per their order of priority depending upon availability of power *vis a vis* requirement.

4.3 Orissa?

I No statutory cut. However, load shedding was being taken recourse on day to day basis depending upon availability of power.

II Full power supply to agricultural/' rural areas.

4.4. West Bengal:

I. 160 MW statutory cut (peak)

II. Average 24.00 hrs. Power supply *par* day to agricultural/rural areas.

5.0 NORTH-EASTERN REGION.

5.1 ASSAM
5.2 NAGALAND 5 3 TRIPURA
5.4 MANIPUR
5.5 MIZORAM
5.6 ARUNACHAL PRADESH
5.7 MEGHALAYA

There were no statutory Power Cut Load shedding depending on day-to-day availability.

खनिज तेल तथा गैस के नए भंडार

*110. **प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों में देश में खनिज तेल तथा गैस के कितने नए भंडार मिले हैं;

(ख) क्या उक्त किसी स्थान पर इन्हें निकालने का कार्य आरम्भ हुआ है; और

(ग) पेट्रोलियम पदार्थों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी॰ आर॰ बालू): (क) और (ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान ओ॰ एन॰ जी॰ सी॰ और ओ॰ आई॰ एल॰ ने लगभग 52 तेल और गैस युक्त नई संरचनाओं/संभावनाओं का पता लगाया है और उत्पादन की प्रक्रिया लगभग 25 संरचनाओं में आरंभ हो चुकी है।

(ग) सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के संबंध में भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए जो विभिन्न उपाय किए हैं, उनमें निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:—

(I) नई योजनाओं के विकास और वर्तमान क्षेत्रों के अतिरिक्त विकास द्वारा कच्चे तेल के स्वदेशी उत्पादन में वृद्धि करना;

(II) सरकार ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए शोधन क्षेत्र निजी निवेश के लिए खोल दिया है। जारी किए गए सभी आशय-पत्रों के आधार पर 60.55 एम॰ एम॰ टी॰ पी॰ ए॰ की वर्तमान शोधन क्षमता 2001-02 तक लगभग 131 एम॰एम॰टी॰पी॰ए॰ तक बढ़ जाने का अनुमान है।

(III) तेल क्षेत्र में निजी/संयुक्त उद्यम की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना;

(IV) भूकंपीय सर्वेक्षणों, गहन जल अन्वेषण, विदेशों में स्वत्वों/भंडारों के अर्जन और सीमावर्ती क्षेत्रों में अन्वेषण के माध्यम से हाइड्रोकार्बनों का दोहन बढ़ाना और भंडारों में वृद्धि करना।